तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) नीमकाथाना उनवानी मिथलेश सिंह बनाम सुभाष सिंह वगै0 मु.सं. 132/2024	नम्बर व तारीख अहक्काम की तामील में जारी हुए
17-07-2025	वादी द्वारा पत्रावली शीघ्र सुनवाई हेतु प्रार्थना–पत्र मिसल तलबी पेश करने पर पत्रावली नियत तारीख पेशी से पूर्व आज तलब की गई। वकील उभयपक्ष उप0। वकील उभयपक्ष की प्रकरण में बहस सुनी गयी। दौराने बहस वकील वादी ने मुताबिक अनुतोष दावा डिक्री फरमाने का निवेदन किया।	

पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड, संलग्न दस्तावेजात एवं तहसीलदार पाटन से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट का अवलोकन किया गया एवं वकुलाय की बहस पर सगौर मनन किया गया। चूंकि वादग्रस्त आराजी में वादी का नाम “मुन्टुसिंह/मिंटु सिंह पुत्र मगनसिंह” दर्ज है जबकि वादी का “मुन्टुसिंह /मिंटु सिंह पुत्र मगनसिंह” की जगह “मिथलेश सिंह पुत्र मगनसिंह” सही होना बताया है। उक्त तथ्य की पुष्टि संलग्न दस्तावेजात यथा– आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र, जन–आधार कार्ड तथा तहसीलदार पाटन से प्राप्त रिपोर्ट से होती है। अतः वादी का वादपत्र स्वीकार किया जाने योग्य पाया जाने पर न्यायहित में स्वीकार किया जाकर घोषणा इस आशय की जारी की जाती है कि:–

आदेश

तहसीलदार पाटन तन ग्राम डाबला पटवार हल्का डाबला तहसील पाटन जिला सीकर अवस्थित वादग्रस्त आराजी भूमि खाता संख्या 241 के खसरा नम्बर 1195, 1196, 1196/1845, 1197, 1198, 1199, 1200, 1203 कुल किता 8 कुल रकबा 2.8800 हैक्टेयर तथा खाता संख्या 510 के खसरा नम्बर 1194, 1202 कुल किता 2 कुल रकबा 1.700 हैक्टेयर तथा खाता संख्या 243 के खसरा नम्बर 1395, 1396, 1503, 1504, 1505, 1506, 1507, 1508, 1519 ता 1521, 522, 579 कुल किता 13 कुल रकबा 2.9100 हैक्टेयर तथा खाता संख्या 242 के खसरा नम्बर 520, 521 कुल किता 2 कुल रकबा 1.5900 हैक्टेयर तथा खाता संख्या 509 के खसरा नम्बर 1522 ता 1524, 581, 582 कुल किता 5 कुल रकबा 1.18 हैक्टेयर में वादी का गलत दर्ज नाम “मुन्टुसिंह/मिंटु सिंह पुत्र मगनसिंह” के स्थान पर सही एवं वास्तविक नाम “मिथलेश सिंह पुत्र [illegible]” [illegible] किया जाता है। उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल [illegible] तथा तदनुसार पर्चा डिक्री जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार [illegible] नम्बर से कम [illegible] निर्णय [illegible] इजलास हो तथा बाद तकमील दाखिल [illegible] सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2026.01.12 10:33:22 IST
Reason: SelfAttested

(राजवीर सिंह यादव)
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)
नीमकाथाना।

सहायक कलक्टर (F.T.)
नीमकाथाना (सीकर)